# Secure Access Washington (SAW)

WSGC मेरा खाता पंजीकरण निर्देश

WSGC (Washington State Gambling Commission, Washington राज्य जुआ आयोग) के लिए ऑनलाइन सेवाएं केवल SAW (Secure Access Washington, सिक्योर एक्सेस Washington) के माध्यम से उपलब्ध हैं। SAW एक ऐसी वेबसाइट है जो उपयोगकर्ताओं को केवल एक उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके Washington राज्य की कई सरकारी एजेंसियों की सेवाओं तक पहुंच की अनुमति देती है। ये निर्देश आपको SAW के लिए पंजीकरण करने और जुआ आयोग की ऑनलाइन सेवा, "WSGC My Account" (WSGC मेरा खाता)" जोड़ने में मार्गदर्शन करेंगे।


यदि आपको पंजीकरण में सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया लाइसेंसिंग विशेषज्ञ से (360) 486-3441 या Licensing@wsgc.wa.gov पर संपर्क करें।

**निर्देश:**

1. अपना इंटरनेट ब्राउज़र खोलें और वेबसाइट secureaccess.wa.gov पर जाएं।
2. **SIGN UP (साइन अप करें!)** बटन पर क्लिक करें।




3. अपनी व्यक्तिगत जानकारी, संपर्क जानकारी (वैकल्पिक) दर्ज करें और एक उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड बनाएं।




4. "**<u>I'm not a robot</u>**" **(मैं रोबोट नहीं हूं)** बॉक्स को चेक करें।


आपको एक सुरक्षा कैप्चा दिखाया जाएगा और खास चित्रों का चयन करने के लिए कहा जाएगा। अपना चयन करने के बाद, **<u>VERIFY</u>** (**सत्यापित करें**) बटन पर क्लिक करें। (यदि कोई चित्र सही नहीं है, तो **<u>SKIP</u>** (**छोड़ें**) बटन पर क्लिक करें)



5. **SUBMIT** (**सबमिट**) बटन पर क्लिक करें।



आपको सूचित किया जाएगा कि आपके ईमेल पर एक एक्टिवेशन लिंक भेजा गया है।





6. आपके द्वारा खोली गई कोई भी इंटरनेट ब्राउज़र विंडो बंद करें।


7. अपने ईमेल इनबॉक्स पर जाएँ।
   एक्टिवेशन ईमेल, ईमेल पता: secureaccess@cts.wa.gov से भेजा जाएगा। (यदि आप इसे अपने इनबॉक्स में नहीं पाते हैं, तो जंक या स्पैम फ़ोल्डर की जाँच करें।)



8. ईमेल खोलें और एक्टिवेशन लिंक पर क्लिक करें।




9. **<u>LOGIN</u>** (**लॉगइन**) बटन पर क्लिक करें।





10. अपना उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड दर्ज करें, फिर **<u>SUBMIT</u>** (**सबमिट**) पर क्लिक करें।




11. **<u>ADD A NEW SERVICE</u> (नई सेवा जोड़ें)** बटन पर क्लिक करें।




12. "**<u>I would like to browse a list of services by agency</u>**" **(मैं एजेंसी द्वारा सेवाओं की सूची ब्राउज़ करना चाहूंगा)** बटन पर क्लिक करें।



13. एजेंसियों की सूची से "<u>**Washington State Gambling Commission**</u>" (**Washington राज्य जुआ आयोग**) का चयन करें।




14. "<u>**APPLY**</u>" (**लागू करें**) पर क्लिक करें लेकिन




**<u>पहचान सत्यापन:</u>**

पहचान सत्यापन पूरा करने पर आप तुरंत अपने खाते पर जा सकेंगे। SAW आपसे विभिन्न राज्य एजेंसियों (उदाहरण के लिए, लाइसेंसिंग विभाग [Dept of Licensing], स्वास्थ्य विभाग [Dept. of Health]) को सबमिट की गई जानकारी के आधार पर प्रश्न पूछता है। आपसे आपके अपने वाहनों, आपके जानने वाले लोगों, आपके पेशेवर अनुभव आदि के बारे में प्रश्न पूछे जाएंगे।


यदि आप इन प्रश्नों का उत्तर नहीं जानते हैं, तो आप इस चरण को छोड़ने की अनुमति के लिए अनुरोध कर सकते हैं; हालाँकि, आपकी पहचान सत्यापित करने में हमें 2-7 कार्यदिवस लग सकते हैं।


15. अपने घर गली का पता दर्ज करें, फिर "**<u>CONTINUE</u>**" **(जारी रखें)** बटन पर क्लिक करें।



16. पहचान सत्यापन से सम्बंधित प्रश्नों का उत्तर दें। वे आपके सार्वजनिक रिकॉर्ड पर आधारित हैं, इसलिए नीचे दिखाए गए उदाहरण आपसे पूछे जाने वाले प्रश्नों से अलग होंगे।

17. प्रत्येक प्रश्न के बाद "<u>**CONTINUE**</u>" **(जारी रखें)** बटन पर क्लिक करें।





## <u>पहचान सत्यापन विफल हुआ:</u>

यदि आप पहचान सत्यापन प्रश्नों का सही उत्तर देने में असमर्थ हैं, तो "What should I do next? (मुझे आगे क्या करना चाहिए?)" विकल्पों की सूची में से एक को आज़माएँ। आप अपनी प्रोफ़ाइल या घर का पता संपादित करने के बाद पहचान सत्यापन से सम्बंधित प्रश्नों का सही उत्तर देने में सक्षम हो सकते हैं।

A. यदि आप अभी भी पहचान सत्यापन से सम्बंधित प्रश्नों का उत्तर नहीं दे सकते हैं, तो "**<u>Request permission to skip this step</u>**" **(इस चरण को छोड़ने की अनुमति के लिए अनुरोध करें)** हाइपरलिंक पर क्लिक करें।




B. "OK" (ओके) बटन पर क्लिक करें।



C. SAW से लॉग आउट करें।

D. जो भी इंटरनेट ब्राउज़र विंडो खुली हों उन्हें बंद कर दें।

E. हम आपको अपने बारे में या अपने संगठन के बारे में उत्तर देने के लिए कुछ प्रश्नों के साथ एक ईमेल भेजेंगे।


- यदि आप ईमेल का उत्तर नहीं देते हैं, तो हम 7 दिनों के बाद आपके अनुरोध को रद्द कर देंगे।
- कृपया अपना "जंक" या "स्पैम" फ़ोल्डर जांचें; हमारे ईमेल कभी-कभी उन फ़ोल्डरों में चले जाते हैं।
- आपके ईमेल किए गए उत्तरों की समीक्षा करने के बाद यदि हम आपके अनुरोध को स्वीकार करते हैं, तो आपको secureaccess@cts.wa.gov, से "KBA Bypass Approved" (KBA Bypass स्वीकृत!) सबजेक्ट लाइन का एक ईमेल प्राप्त होगा।

F. SAW में लॉग इन करने के लिए ईमेल में हाइपरलिंक पर क्लिक करें। WSGC My Account service (आपको WSGC मेरा खाता सेवा) (निर्देशों के लिए चरण 11 पर वापस जाएं) को फिर से जोड़ना होगा।



18. <u>**यदि आपके पास वर्तमान में लाइसेंस**</u> है:
अपना PIN (Personal Identification Number, व्यक्तिगत पहचान संख्या) और क्लाइंट या लाइसेंस नंबर ढूंढें। आप वह जानकारी इन दस्तावेज़ों में पा सकते हैं:

- <u>**कार्ड रूम के कर्मचारियों, प्रतिनिधियों और जुआ प्रबंधकों के लिए:**</u>
  - आपके लाइसेंस को नवीनीकृत करने के लिए ईमेल रिमाइंडर



*This report displays the content in the email to licensee and not the actual email*

From: DoNotReply@wsgc.wa.gov
To: your_email @gmail.com
cc:

Subject: Gambling License Renewal Due

Client/License Number:
Pin:

- <u>**संगठनों (गैर-लाभकारी और वाणिज्यिक व्यवसाय) के लिए:**</u>
  - मेरा खाता परिचय पत्र
  - आपकी त्रैमासिक लाइसेंस रिपोर्ट पूरी करने के लिए ईमेल रिमाइंडर।
  - आपकी लाइसेंस नवीनीकरण को नवीनीकृत करने के लिए ईमेल रिमाइंडर।



WASHINGTON STATE GAMBLING COMMISSION
Location: 4565 7th Avenue SE, Lacey WA 98503
Mailing Address: P.O. Box 42400, Olympia WA 98504-2400
Telephone: 360-486-3440 / Fax Number: 360-486-3631
In-State Toll-Free: 1-800-345-2529 / Web Site: www.wsgc.wa.gov

ANNUAL RENEWAL APPLICATION FOR NONPROFIT ORGANIZATION

WAC 230-05-128
requires you to submit your application and fees at least 15 days in advance of the license expiration date.

YOUR GAMBLING LICENSE(S) WILL EXPIRE ON December 31, 2020


Organization Number: 00-
Pin Number:


## 19. WSGC के लिए अतिरिक्त जानकारी:

**यदि आपके पास वर्तमान में लाइसेंस है:**

- इस पेज पर आपको केवल अपना PIN और क्लाइंट या लाइसेंस नंबर दर्ज करना होगा।
- आप अन्य सभी प्रश्न खाली छोड़ सकते हैं।

- इन नंबरों को दर्ज करने के बाद **SUBMIT (सबमिट)** बटन पर क्लिक करें।






## **WSGC के लिए अतिरिक्त जानकारी:**

**यदि आपने पहले कभी लाइसेंस प्राप्त नहीं किया है:**

- वह सभी जानकारी पूरी करें जो आप पर या आपके संगठन पर लागू होती है।
- यदि आप नहीं जानते कि किसी प्रश्न का उत्तर कैसे देना है, तो आप उसे खाली छोड़ सकते हैं।
- आपके पास कोई PIN, या क्लाइंट या लाइसेंस नंबर नहीं हो तो; उन खानों को खाली छोड़ दें।

- जब आप काम पूरा कर लें तब **SUBMIT (सबमिट)** बटन पर क्लिक करें।


ADDITIONAL INFO FOR WSGC

Washington State GAMBLING COMMISSION

*Protect the public by ensuring that gambling is legal and honest.*

Washington State Gambling Commission requires some additional information before they can allow access to this service. Please fill in the form below.

**PIN**
*If you were provided a My Account Access PIN enter it here. The PIN is all NUMERIC.*

***Type**
*Type of Organization Non-Profit / Commercial*
Charitable/Non-Profit
Commercial Business
Tribal
Individual Licensee

**Do you want to apply for a gambling license?**
Check if you want to perform any legal gambling activities regulated/licensed by the WSGC

**Explain what activities you want to license?**
*What activity do you want to license? E.g. fundraising events, raffle, recreational gaming activity?*

**Do you want to renew or pay second-half payment online?**
My Account will remind you and let you renew and pay online.

**Do you want to manage your employee's licenses/certifications?**
See employee's status, renewal dates, and update it inside My Account.

**Do you want to sign up for newsletters or reminders?**
You can select to receive email notifications.

**Do you want to report financial activity online?**
Report your quarterly, semi-annual or annual financial activity online.

**Previously Licensed?**
Check if you have held or hold current WSGC gambling license

**Client or License Number**
*Provide your license or client number*

**DBA**
*(Doing Business As) Name*

**Premises Address**
*Physical address of your business*


**UBI**
*Unified Business Identifier Number*

**Ownership Type**
*Ownership Type / Structure*
Corporation

SUBMIT

**<u>पंजीकरण पूर्ण हुआ!</u>**

20. **<u>OK</u> (ओके)** बटन पर क्लिक करें।




21. **<u>Access Now</u> (अब एक्सेस करें)** बटन पर क्लिक करें।




22. **<u>CONTINUE</u> (जारी रखें)** बटन पर क्लिक करें।




**<u>मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन:</u>**

धोखाधड़ी और पहचान की चोरी को रोकने के लिए, SAW को उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड के अलावा अतिरिक्त सत्यापन की आवश्यकता होती है। आपको MFA (Multi-Factor Authentication, मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन) विधि को जोड़ने की आवश्यकता होगी।

23. **<u>BEGIN</u> (शुरू करें)** बटन पर क्लिक करें।





24. अपना प्राथमिक ईमेल पता दर्ज करें, फिर **<u>NEXT</u>** (**अगला**) बटन क्लिक करें। (आप अतिरिक्त ईमेल पते भी दर्ज कर सकते हैं।)



25. एक फ़ोन नंबर दर्ज करें जिस पर लिखित संदेश प्राप्त हो सकता हो, उसके बाद **NEXT** (**अगला**) बटन पर क्लिक करें।




26. आपके द्वारा दर्ज की गई जानकारी की समीक्षा करें। यदि सब कुछ सही है तो **SUBMIT** (**सबमिट**) बटन पर क्लिक करें।




# WSGC My  Account का उपयोग करना:

**कार्ड रूम कर्मचारी, प्रतिनिधियों और जुआ प्रबंधकों के लिए:**

- **Action Center (एक्शन सेंटर)** वह जगह है जहां आप अपना लाइसेंस नवीनीकृत कर सकते हैं और अपना पता बदल सकते हैं। यह आपके लाइसेंस की समाप्ति तिथि भी दिखाता है।

- **आप अपना लाइसेंस तिथि समाप्त होने के बाद उसका नवीनीकरण नहीं करा सकते।** आपको एक नया आवेदन जमा करना होगा, नए लाइसेंस शुल्क का भुगतान करना होगा और नए फ़िंगरप्रिंट कार्ड जमा करने होंगे। यदि आपने समय पर अपना लाइसेंस नवीनीकृत नहीं कराया है तो लाइसेंसिंग विशेषज्ञ से संपर्क करें। (360) 486-3440 पर कॉल करें या Licensing@wsgc.wa.gov पर ईमेल करें।

- यह **Licensing (लाइसेंसिंग)** अनुभाग वह जगह है जहां आप उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकते हैं और WSGC की संपर्क जानकारी पा सकते हैं।



**<u>संगठनों (गैर-लाभकारी और वाणिज्यिक व्यवसाय) के लिए:</u>**

- **<u>Action Center</u> (एक्शन सेंटर)** वह जगह है जहां आप अपना लाइसेंस नवीनीकृत कर सकते हैं, अपने लाइसेंस की एक प्रति प्रिंट कर सकते हैं और दस्तावेज़ अपलोड कर सकते हैं। यह आपके लाइसेंस की समाप्ति तिथि भी दिखाता है।
- **<u>आप अपने लाइसेंस की अवधि समाप्त</u>** होने के बाद उसे ऑनलाइन नवीनीकृत नहीं कर सकते। यदि आपका लाइसेंस समाप्त हो गया है तो (360) 486-3440 या Licensing@wsgc.wa.gov पर लाइसेंसिंग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वे आपको नवीनीकरण आवेदन की एक प्रति भेज सकते हैं। (कृपया नए लाइसेंस के लिए आवेदन शुरू न करें।)
- **<u>Licensing</u> (लाइसेंसिंग)** अनुभाग वह जगह है जहां आप परिवर्तनों की रिपोर्ट कर सकते हैं और अतिरिक्त लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं। आप सबमिट किए गए आवेदन भी देख सकते हैं। यदि आपके पास लाइसेंस प्राप्त गेमिंग कर्मचारी हैं, तो आप उनके आवेदन जमा कर सकते हैं और कार्मिक समाप्ति नोटिस पूरा कर सकते हैं।
- **<u>Quarterly Reports</u> (त्रैमासिक रिपोर्ट)** अनुभाग वह जगह है जहां आप त्रैमासिक लाइसेंस रिपोर्ट जमा कर सकते हैं। यदि आपको अपनी रिपोर्ट में सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया हमारे व्यावसायिक कार्यालय से FinancialReporting@wsgc.wa.gov या (360) 486-3440 (विकल्प 2) पर संपर्क करें।




# उपयोगी टिप्स:

**प्रोफाइल:**

Account (अकाउंट) पर क्लिक करें, फिर Profile (प्रोफाइल) पर क्लिक करें। यह आपके SAW खाते से संबद्ध उपयोगकर्ता नाम और ईमेल पता दिखाता है। यदि यह जानकारी गलत है, तो सहायता के लिए SAW हेल्प डेस्क से संपर्क करें।

**SAW हेल्प डेस्क**: (855) 928-3241 या (360) 586-1000



**<u>पासवर्ड:</u>**

अपना पासवर्ड बदलने के लिए Account (अकाउंट), फिर Password (पासवर्ड) पर क्लिक करें। अपना पासवर्ड बदलने के लिए निर्देशों का पालन करें। यदि आप अपना पासवर्ड बदलने में असमर्थ हैं, तो सहायता के लिए SAW हेल्प डेस्क से संपर्क करें।

**SAW हेल्प डेस्क**: (855) 928-3241 या (360) 586-1000

